तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024


14 स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित...



14 किसानों को दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारी





## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु पंजीयन करने के निर्देश

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार को पत्र प्रेषित कर विलंबित पंजीयन धारा 13 (2) के तहत जन्म-मृत्यु पंजीयन करने के निर्देश दिये है। जारी पत्र में कहा गया है कि शासन के निर्देशानुसार शासन के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का शत -प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि सभी जनपद पंचायत से संबंधित जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) ग्राम पंचायत सचिव को 01 वर्ष के भीतर घटित समस्त जन्म-मृत्यु की घटनाओं का जिनका पंजीयन नहीं हुआ है, उनका धारा 13 (2) के तहत एक सप्ताह के भीतर पंजीयन कर (जन्म-मृत्यु) प्रमाण पत्र प्रदान के लिए निर्देशित करें।

### सीनापाली में जनसमस्या निवारण शिविर 30 को

**गरियाबंद।** जिले के देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 30 सितम्बर को सवेरे 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम सीनापाली सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय हाईस्कूल परिसर सीनापाली में आयोजित किया जायेगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव आज छुरा में

**छुरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव 29 सितम्बर को क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सुबह 10.30 को नगर के मानस मंदिर परिषर में प्रधानमंत्री के मन की बात स्थानीय लोगों के साथ सुनेंगे। उसके बाद ग्राम हरदी के कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। उनके साथ स्थानीय सांसद रूपकुमारी चौधरी भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। उक्त जानकारी देते हुवे भाजपा नेता मानसिंह निषाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से बडी संख्या में उपस्थित होने की अपिल की है।

### साहू समाज का निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**नवापारा-राजिम।** अखिल भारतीय तैलिक महासभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर द्वारा दानवीर भामाशाह भवन टिकरापारा में आज रविवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अखिल भारतीय तैलिक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ.आशा गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ.विकास साहू,राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ.आकांक्षा साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू,दंत रोग विशेषज्ञ एवं अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा चिकित्सा प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ सदस्य डॉ.हेमंत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान समाज के विशेषज्ञ डॉ. मेडिसिन एवं गहन रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, नेत्र रोग, हृदय रोग, दंत रोग, फिजियोथैरेपिस्ट, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक सहित अन्य विशेषज्ञ डॉ. अपनी सेवा देंगे। प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ.हेमंत साहू ने लोगों से अपील किया है कि इस चिकित्सा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

# नवरात्रि में दुर्गा पूजा के लिए भव्य पंडालों की सजावट जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शारदीय नवरात्र को लेकर पूरे जिले में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। शारदीय नवरात्रि की शुरुवात 3 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ हो रही हैं। दुर्गा पंडालों और मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भक्तों में उल्लास और उत्साह है, वहीं पंडाल समितियों ने अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हर तरफ मां दुर्गा के स्वागत और पूजा-अर्चना के लिए लोगों की तैयारियां देखने लायक हैं।

दुर्गा प्रतिमाओं को आकार देने के लिए मूर्तिकार भी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मिट्टी से बनी खूबसूरत प्रतिमाओं में देवी दुर्गा के नौ रूपों की झलक देखने को मिल रही है। मूर्तिकारों के लिए यह समय साल का सबसे व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि वे अपनी कला से प्रतिमाओं में न सिर्फ देवी का रूप, बल्कि आस्था और विश्वास का संचार भी करते हैं। इस साल विभिन्न पंडालों में स्थापित होने वाली मूर्तियों के आकार और सौंदर्य में भी विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। शारदीय नवरात्रि गरियाबंद जिले में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हर साल की तरह इस साल भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। लोग मां दुर्गा की आराधना और उनके नौ रूपों की उपासना के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। देवी दुर्गा के आगमन की इस पावन बेला में पूरा जिला भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है।

## नवरात्रि की शुरुवात 3 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ होगी

### देवी मंदिर में विशेष तैयारी जारी

इस बार नवरात्रि में पंडालों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। हर पंडाल में देवी दुर्गा की अलग-अलग रूपों में मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। रंग-बिरंगी लाइटिंग, फूलों की सजावट और भव्य थीम वाले पंडाल भक्तों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। कई पंडाल समितियों ने पारंपरिक झांकियों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल करेंगे, जिससे पंडालों का आकर्षण और बढ़ेगा।



### मूर्तिकारों की मेहनत और चुनौतियां

मूर्तिकारों की बात करें तो वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मां दुर्गा की मूर्तियों को सजीवता प्रदान करने में जुटे हुए हैं। नवरात्रि के दौरान मूर्तिकारों का कार्य दोगुना हो जाता है, क्योंकि उन्हें कम समय में अधिक मूर्तियां तैयार करनी होती हैं। वे मिट्टी, रंग और विभिन्न सजावटी सामग्रियों का उपयोग कर प्रतिमाओं को सुंदर और दिव्य रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। कई मूर्तिकार तो पिछले कई महीनों से इन मूर्तियों को बनाने में लगे हुए हैं, ताकि वे समय पर पंडालों और मंदिरों में स्थापित की जा सकें।


## राजकीय पशु : आशा के क्लोन से जन्मी दीपाशा करोडों के अशियाने में रहती है

# उदंती की अमानत दीपाशा वनभैस जंगल सफारी में पल रही, कड़ी सुरक्षा में 24 घंटे पहरेदार तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु के नाम से विख्यात वनभैंसा जिले के उदंती अभ्यारण्य में पाया जाता है लेकिन अब उदंती अभ्यारण में वनभैसा विलुप्ति की कगार पर आ गई है। यहां एक मात्र नर वनभैसा छोटू ही बचा हुआ है ऐसे में वन भैसों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य सरकार एवं वनविभाग को अब जल्द ही कोई ठोस कार्य बनाने की जरूरत है जिससे उदंती में वनभैसों की संख्या बढ़ सके। ज्ञात हो की उंदती के आशा नामक मादा वन भैसा से हरियाणा के करनाल स्थित नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टियुट में दिपाशा नामक क्लोन मादा वन भैसा का जन्म हुआ लगभग 12 वर्ष पूर्व हुआ है क्लोन से पैदा हुए मादा वनभैंस दिपाशा को रायपुर के जंगल सफारी में बकायदा सुरक्षित रखा गया है और विभाग का दावा है यह भैसा एक मादा वनभैस आशा की क्लोन और दुनिया में किसी वन जीव की पहली क्लोनिंग है 12 दिसम्बर 2014 को दिपाशा नामक क्लोन मादा वन भैसा का जन्म हुआ और लगभग 06 वर्ष पूर्व इस मादा वनभैस दिपाशा को जंगल सफारी में लगभग ढाई करोड रूपये से अधिक की लागत से आशियाना बनाकर रखा गया है। इस मादा वनभैंसे को देखने की इजाजत किसी को नहीं है। तगडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मादा वनभैंस पिछले 06 वर्षों से जंगल सफारी में दिपाशा पल रहा है जिस पर चारों तरफ से सुरक्षा की नजर रखी गई है। हाईटेक कैमरो से इस वनभैंसा का जगल सफारी में सुरक्षा किया जा रहा है साथ ही विभाग द्वारा सुरक्षा के अमले भी तैनात किये गये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अफसरों को भी सेलफोन या कैमरा लेकर मादा वनभैसा दिपाशा के आसपास भटकने नहीं दिया जाता है। उंदती अभ्यारण्य का अमानत दिपाशा वनभैस जगंल सफारी में रखा गया है। वन भैंसा छत्तीसगढ का राजकीय पशु है खासकर छत्तीसगढ में वनभैसों की अस्तित्व खतरे में है, वन भैसा वन जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूचि– 1 का वन्य प्राणी है इंटरनेशल युनियन फार कंजरवेशन आफ नेचर ने वन भैंसा को लुप्तप्राय प्रजाती की श्रेणी मे रखा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के उंदती सीतानदी अभ्यारण्य में शुद्ध प्रजाती के केवल 01 वन भैंसा ही अब बचे है।

- उदंती अभ्यारण लाकर बढ़ाया जा सकता है वनभैसों का कुनबा



**क्लोन से जन्मी**

रायपुर के जंगल सफारी रखा गया दिपाशा मादा वनभैसा उंदती अभ्यारण्य के आशा वनभैंसे के क्लोन से जन्म हुआ है और सुरक्षा के बीच इसे जंगल सफारी में रखा गया है। लगातार विभाग के आला अफसरों द्वारा इस वनभैंसा की जानकारी ली जा रही है।

**आरपी मिश्रा,** डब्ल्युटीआई के डॉक्टर

### वनभैंसा का कुनबा बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाने की जरूरत

*देशभर में सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियों में एक वनभैसा है। उदंती अभ्यारण में एक मात्र आशा नामक वनभैंस मौजूद थी जिसकी मृत्यु हो चूकी है। उदंती अभ्यारण की इसी आशा नामक वनभैंस के क्लोन से दिपाशा का जन्म हुआ है जो उदंती अभ्यारण की अमानत है और अब उदंती अभ्यारण में एक भी मादा वनभैंस नहीं है ऐसे में उदंती की अमानत दिपाशा वनभैस जो जंगल सफारी में पल रहा है जिसकी उम्र लगभग 12 वर्ष हो चूका है। उस मादा वनभैंस को उदंती अभ्यारण में लाकर वनभैसों की संख्या में वृद्धि करने के लिए कोई ठोस कार्य योजना वन विभाग एवं प्रदेश सरकार को बनाने की जरूरत है जिससे विलुप्त होते वनभैसों की संख्या में वृद्धि हो सके।*

### असम से मादा वनभैंस लाने का कई बार प्रयास, नहीं मिली सफलता

*उदंती अभ्यारण में आज से दो दशक पहले दर्जनों की संख्या में वनभैसा पाए जाते थे। लेकिन धीरे–धीरे उदंती अध्यारण से वनभैसा की संख्या घटती गई और अभ्यारण में मात्र एक नर वनभैसा छोटू ही बचा हुआ है। उदंती अभ्यारण वनभैसा को खोने की कगार पर है ऐसे में वनभैसों की संख्या बढ़ाने के लिए समय–समय पर वनविभाग द्वारा कई प्रयास किया गया जिसमें 6 वनभैसा अचानकमार लाया जा चूका है। उसे अब तक उदंती नहीं लाया जा सका। वहीं उदंती में भी सीधे असम के मानस काजीरंगा नेशनल पार्क वनभैसा लाने के लिए कई बार प्रयास किया गया लेकिन अब तक सफलता नही हासिंल हुई है।*

# ज्वार की खेती का रकबा क्षेत्र में घटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में दो दशक पहले तक गांव की हर बाड़ी में ज्वार याने जोंदरी नजर आती थी। किसान जोंदरी की मिश्रित खेती करते थे ग्रामीण जोंदरी का उपयोग पेज तथा लाई बनाने करते हैं जोंदरी यानी रागी पेज की तरह काफी स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है ग्रामीणों के घर की बाड़ियों में दलहन– तिलहन तथा मक्के के साथ लगाया जाता था। मक्के की फसल के साथ जोंदरी की खेती करते थे जोंदरी के पौधे काफी ऊंचे होते थे जो बाड़ियों की सुंदरता बढ़ाते थे। अब गांव की बाड़ियों में जोंदरी नजर नहीं आती है समय के साथ ज्यादा आय देने वाली फसलों व सब्जियों ने स्थान ले लिया है। वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया अब बहुत कम किसान ही जोदरी की खेती करते हैं उन्होंने बताया ज्वार एक पोषक तत्व है इसमें मिनरल प्रोटीन प्रचुर मात्र में पाया जाता है इसके अलावा काफी मात्र में पेटेशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम व आयरन भी होता है जो शरीर को बल प्रदान करता है इसके अलावा कफ व पीत को शांत करने के साथ गैस व रक्तपित्त को नष्ट करता है। श्री शांडिल्य ने बताया मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में कई किसान अन्य फसलो के साथ ज्वार की खेती करते है।

# लोहारीडीह कांड के विरोध में गृह मंत्री का पुतला फूंका



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के निर्देश पर अभनपुर ब्लॉक साहू समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा कबीरधाम के लोहारीडीह में घटित घटना को लेकर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से पुतला छीन लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग करते हुए ऐसा नहीं होने पर अपना आंदोलन, और उग्र किए जाने चेतावनी दी। इस दौरान पूर्णानंद साहू, गिरधारी साहू, यशपाल साहू, किशोर साहू, रोशन साहू, शंकर साहू, नरेंद्र शेषनारायण, रवि साहू, लेखराज साहू, मोहित, नरेश, नेमीचंद साहू, लक्ष्मण साहू गैंदलाल, शुभम बबलू, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# विज्ञान मेला में माडल का किया प्रदर्शन और नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**गरियाबंद।** जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत और सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले से आए प्रतिभागियों ने बहुत ही अच्छे नृत्य-नाटिका, सेमिनार और मॉडल का प्रदर्शन किया। विज्ञान सेमिनार का मुख्य विषय /"सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी था। इस मुख्य कथानक के साथ सात उप-कथानक खाद्य, स्वास्थ्य, स्वच्छता, संचार, परिवहन, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन थे। इन विषयों पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा और शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय छुरा के छात्र-छात्राओं ने बहुत ही अच्छा नृत्य-नाटिका प्रस्तुत किया। जज के रूप में आईपी साहू, प्राचार्य हाथबाय, अजय यादव, व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद और जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सेमिनार में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा के छात्र-छात्राओं ने भी प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय से आए मार्गदर्शक शिक्षकों में मीनाक्षी शर्मा, वंदना देवानंद, सुदामा लोधी और रितेश पटेल उपस्थित थे। जिला स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं का अगला प्रदर्शन ज़ोन स्तर पर डायट रायपुर में 30 सितंबर को आयोजित है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास और जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा ने बधाई दी और आगे ज़िले का नाम ज़ोन स्तर पर रोशन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पाइप लाइन विस्तार कार्य अधूरा लोगों को नहीं मिल रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला





ग्राम पंचायत रसेला में लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल ग्रामीण लोगों ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना को चालू किए लगभग 5 - 6 हो चुका है। लेकिन आज पर्यन्त तक गांव में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। कई वार्डों में अभी भी नल -जल कनेक्शन करना बाकी है। मुख्य सड़क के पास आज 15 दिन हो रहा है पाइप लाइन फटे जिसके कारण गली में कीचड़ होने से लोगों को आने -जाने में परेशानियां हो रही है। और स्कूली बच्चे इस रास्ते होकर स्कूल पहुंचते हैं। मगर इस ओर ना अधिकारी न ठेकेदार कोई भी दिलचस्प दिखा नहीं रहें हैं। ज्ञात हो कि 22 अगस्त को रसेला में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था उसमें ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने पर विभाग के अधिकारी ने कहा था कि एक माह के भीतर नल जल जीवन चालू हो जाएगा, मगर अभी तक टंकी तो चालू कर दिया गया है मगर सभी के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। वार्ड नंबर 6 के निवासी रोमण ठाकुर, मोहन ठाकुर, बसंत सिन्हा, गोपनाथ यादव, बुगली बाई, दशोदा यादव, प्रितम देवांगन,केशबो दास, नरोत्तम दास सहित कई घरों अभी तक नल जल कनेक्शन नहीं हुआ है। लोगों ने बताया कि हमें न तो योजना से किसी तरह से लाभ मिल रहा है, और न ही पानी, अधिकारी व ठेकेदार जीवन मिशन योजना से ग्रामीण जनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ नहीं दे पा रहे हैं तो और कब तक ग्रामीण लोगों को जल की संकट से मुक्ति दिलाया जा सकता है। कुल मिलाकर जल जीवन मिशन ग्रामीणों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है। इन कामों में ठेकेदार की मनमानी चल रही है, संबंधित विभाग के अधिकारीयों की अनदेखी बडा कारण है।

## 9वीं के 167 छात्राओं को दी गई साइकिल

# बच्चे रोज स्कूल आएं, मन लगाकर पढ़ाई करें: विधायक

नवापारा-राजिम। विधायक इंद्रकुमार साहू शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वीं के 167 छात्राओं को वितरित किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने छात्राओं से बड़ी बात कही कि रोज स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई कर उच्च नंबरों से परीक्षा पास कर स्कूल, अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन करें। कहा कि उच्च शिक्षा के लिए दूर गांव से आने वाली बेटियों को कोई दिक्कत ना हो इस लिए छत्तीसगढ़ सरकार यह साईकिल प्रदान की जा रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि सायकिल पाकर बेटियां निश्चित रूप से खुश हुई है और नियमित रूप से स्कूल जरूर आएगी। विधायक श्री साहू ने बेटियो को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि नवापारा के इस कन्याशाला में आसपास के कई गांव की बच्चियां अध्ययन करने आती है। कई बच्चे ऐसे है जो पैदल चलकर आते है तो कई बच्चे यात्री गाड़ियो से पहुंचते है। अब ऐसे तमाम बच्चो को दूसरे संसाधनों का सहारा लेना नहीं पड़ेगा।




### हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

*इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से संस्था में अन्य मुलभुत सुविधाओं के विकास की बात रखी गई जिस पर विधायक श्री साहू ने हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवांगन, नवापारा भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, फेकनू राम साहू, सौरभ सिंटू जैन, दुकालू चक्रधारी, भूपेंद्र सोनी, पार्षद बॉबी चावला, रवि साहू, धीरज साहू,दिनेश टंडन, राजेश गिलहरे, राजू रजक, नीता धीवर, कैलाश तिवारी,अंकित मेघवानी,उमा कंसारी, प्रभा बंसवार, किरण सोनी, सचिन सचदेव, संतोषी कंसारी सहित प्राचार्य सरिता नासरे व स्टॉफ तथा बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।*


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### संसद की दो स्थाई समितियों में बृजमोहन सदस्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को संसद की दो स्थाई समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री अग्रवाल पहले ही लोकसभा की सबसे महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति के सदस्य बनाए जा चुके हैं। श्री अग्रवाल को कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। यह स्थाई समितियां संसद के अंदर ही गठित की गई ऐसी समितियां होती हैं, जो किसी विशेष विषय या मंत्रालय से संबंधित मामलों पर गहराई से अध्ययन करती हैं। ये समितियां सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयकों का विस्तृत अध्ययन करती हैं और उनमें सुधार के लिए सुझाव देती हैं। किसी मुद्दे पर या विधेयकों पर पक्ष और विपक्ष में होने वाले गतिरोध को दूर करने के लिए भी संसद की स्थाई समिति अपनी भूमिका अदा करती है।

### 26 हजार से अधिक आरटीआई द्वितीय अपील के आवेदन लंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति न होने व पर्याप्त संख्या में सूचना आयुक्तों के न होने कारण, द्वितीय अपील के लगभग 26 हजार आवेदन लंबित हो गए हैं। मुख्य सूचना आयुक्त की हो नियुक्ति : श्री ठाकुर ने राज्य सरकार पर सूचना का अधिकार समाप्त करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है, कि छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त का पद लंबे अरसे से रिक्त हैं । मात्र दो सेवानिवृत नौकरशाहो को सूचना आयुक्त बना दिया गया है जबकि सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के साथ दो और सूचना आयुक्त नियुक्त किये जा सकते है । श्री ठाकुर ने प्रदेश के राज्यपाल से इस मामले को संज्ञान में लेने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त कि नियुक्ति के लिए निर्देशित करें।

### निकाली स्वच्छता रैली दिलाई सामूहिक शपथ



**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के स्वच्छ भारत मिशन शाखा स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम जोन-6 के सहयोग से महाराजबंद तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ पर महामाया मंदिर वार्ड पार्षद सरिता वर्मा के नेतृत्व एवं जोन-6 के कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। पार्षद श्रीमती वर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलाई।

### निधि आपके निकट कार्यक्रम में प्रदान किए पीपीओ



**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ द्वारा शुक्रवार को ईएसआईसी कार्यालय रायपुर में निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों के साथ संवाद को मजबूत करना और शिकायत निवारण तंत्र को बेहतर बनाना था। नियोक्ता, कर्मचारी, पेंशनभोगी और अन्य हितधारकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान वी. रंगनाथ अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, एडिशनल सीपीएफसी अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आरपीएफसी, महेंद्र एच. मेश्राम क्षेत्र प्रवर्तन अधिकारी और ईएसआईसीए रायपुर कार्यालय के रीजनल डायरेक्टर महेंद्र भोई की उपस्थिति रही।

# निकायों के अफसर भूले सुबह के निरीक्षण का निर्देश, साव ने जताई नाराजगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सवेरे वार्ड भ्रमण कर साफ-सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। उन्होंने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कस्बों और छोटे शहरों की विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। श्री साव ने शुक्रवार को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

## नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक

### लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के विकास और वहां जन सुविधाएं विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जवाबदेही तय कर इस तरह के कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देते हुए शहर की बेहतरी के लिए उनकी बातों को गंभीरता से सुनने को कहा। क्षेत्रीय (संभागीय) कार्यालयों में पदस्थ अभियंताओं को सक्रियता और जिम्मेदारी से काम करने कहा। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालन अभियंताओं को सप्ताह में तीन दिन नगर पंचायतों का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच करने को कहा।



### सचिव ने कही ये बात

*नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी कार्यों को तत्काल शुरू करने के साथ ही प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 580 करोड़ रुपए दिए गए हैं। डॉ. बसवराजु ने संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालक भी मौजूद थे।*

### उभरते शहरों की जरूरत के मुताबिक हो काम

श्री साव ने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को प्रदेश के नए उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करने कहा। अधिकारियों को नागरिकों से अच्छा व्यवहार और लहजा रखने को कहा। उन्होंने लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में घर-घर पानी कनेक्शन शुरू नहीं करने का मुद्दा गरमाया

### विधायकों ने कहा सभी के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई

# आधा काम छोड़कर भागे दर्जनों ठेकेदार, ब्लैक लिस्टेड सिर्फ एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय के बाद शुक्रवार को जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक हुई। इस बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा पंचायत सदस्यों ने जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर सदस्यों ने कहा कि उनके क्षेत्र के कई गांवों के घरों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर भाग गए हैं। इस बैठक में संबंधित विभाग के मौजूद अधिकारी ने बताया कि एक ठेकेदार पर कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया है। इस पर विधायक अनुज शर्मा एवं खुशवंत साहेब ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में ऐसे दर्जनों गांव हैं, जहां के ठेकेदारों ने अधूरा काम करने के बाद काम करना छोड़ दिया है। विधायकों ने कहा दूसरे विधानसभा क्षेत्रों के भी कई गांवों में ठेकेदारों ने अधूरा काम किया है, इसलिए कार्रवाई सिर्फ एक पर नहीं, बल्कि उन सभी ठेकेदारों पर भी होनी चाहिए।

सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न एजेंटों पर चर्चा की। इस दौरान राजू शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने हर घर नल योजना के तहत अधूरे कार्यों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के कई गांव के कई घरों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है।विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अधिकारी निरीक्षण करने तक नहीं जाते हैं। सदस्यों ने बताया कि टंकी निर्माण के बाद भी कनेक्शन शुरू किए बिना ठेकेदार अपना काम छोड़कर जा चुके हैं। बैठक में मौजूद विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऐसी कुछ शिकायतें आई हैं, जिनमें एक शिकायत पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की है। इस पर विधायक अनूज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के नाम गिनाते हुए कहा कि इन गांवों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, जबकि ठेकेदार गायब हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त मंत्री भी उनके साथ कुछ गांव का दौरा कर चुके हैं, जिनमें बलौद गांव के कई घरों में जाकर मंत्री ने स्वयं पानी सप्लाई बंद पाई थी। एक सदस्य ने बताया कि अभनपुर के बकतरा का पूरा मोहल्ला इस योजना से वंचित है। विधायक खुशवंत साहेब ने भी कहा कि यह स्थित उनके क्षेत्र के भी कई गांव में बनी हुई है। पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है।

### ठेकेदारों के भरोसे नहीं रहें सर्वे कर सख्ती से करें कार्रवाई

विधायकों ने विभागीय अधिकारी से कहा कि ठेकेदारों द्वारा दी गई जानकारी के भरोसे नहीं रहे। जिले के सभी गांव में इस योजना के कार्यों का सर्वे करें और जहां ठेकेदारों की लापरवाही मिल ही है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।




### गुणवत्ताहीन साइकिल वितरण का मुद्दा उठा

बैठक में सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बांटी गई साइकिल वितरण का मुद्दा भी उठा। कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि स्कूलों में जो साइकिल बांटी गई है उसकी क्वालिटी सही नहीं है। गुणवत्ताहीन होने के कारण साइकिल जल्दी खराब हो रही है। साइकिल के टायर-ट्यूब की क्वालिटी भी सही नहीं है। सदस्यों ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए।

### सांसद ने प्रभावित किसानों का 7 दिन में मुआवजा जारी करने दिए निर्देश

बैठक में कृषि विभाग से संबंधित एजेंडे पर भी चर्चा हुई। इस दौरान तिल्दा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत टंडवा में सोसायटी से खरीदा गया बीज घटिया निकलने के कारण 106 किसानों की 114.09 क्विंटल धान की फसल खराब हो गई थी। प्रभावित किसानों ने इसकी शिकायत कर मुआवजा राशि की मांग की थी, जिसकी विभागीय टीम ने जांच की थी, जिसमें शिकायत सही मिली थी। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यालय से 7 दिन के भीतर किसानों को मुआवजा राशि जारी कराने के निर्देश दिए।

### बैठक में नहीं पहुंचे पशुपालन अधिकारी, सांसद बिफरे नोटिस जारी करने कहा

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में पशुपालन विभाग से एक भी अधिकारी के नहीं पहुंचने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस बैठक में विभाग के मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित हो, ऐसी बैठक में एक जिला अधिकारी का बिना पूर्व सूचना दिए शामिल नहीं होना बड़ी लापरवाही है। ऐसे अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करें और जवाब मांगें कि आखिर उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। रेडक्रास भवन में आयोजित जिला पंचायत की सामान्य की बैठक में शुक्रवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा विधायक अनूज शर्मा एवं खुशवंत साहेब भी शामिल होने पहुंचे थे। इस बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा के दौरान पशुपालन विभाग के एजेंडे पर चर्चा होनी थी। इस एजेंडे पर चर्चा शुरू करने से पहले पशुपालन विभाग के अधिकारी के मौजदूगी के बारे में पूछा गया, लेकिन विभाग से वहां कोई उपस्थित नहीं था। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस बैठक में मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद हैं, उस बैठक में अधिकारी ही गायब है। सांसद ने जिला पंचायत सीईओ से पूछा कि क्या अधिकारी ने उपस्थित न होने की कोई पूर्व में सूचना दी थी। इस पर बताया गया कि ऐसी कोई सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद सांसद ने संबंधित विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस नोटिस के जरिए अधिकारी से पूछा जाए कि आखिर उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाए।

## तीन साल पीजी की पढ़ाई, चिकित्सा अधिकारियों को दो साल का अध्ययन अवकाश, नियम बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एमडी-एमएस की तीन साल की पढ़ाई के लिए चिकित्सा अधिकारियों को दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। तीसरे साल उनके लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत है, इस दौरान उन्हें शिष्यवृति भी नहीं मिलती। इस अवधि को बेरोजागारी का आलम मानते हुए नियम में बदलाव करने की मांग की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पीजी का कोर्स संचालित किया जाता है, वहां हर साल दर्जनभर से ज्यादा छात्रों के साथ ऐसी स्थिति होती है और राज्य में इनकी संख्या पचास से अधिक होती है। सूत्रों के अनुसार पूर्व मेडिकल की पढ़ाई में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जाता था। उस दौरान दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने नियम बनाया गया था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा कोर्स को एमडी-एमएस के रूप में मान्य कर तीन साल का कोर्स बनाया गया, मगर अध्ययन अवकाश के सिस्टम में बदलाव नहीं किया गया। उस दौरान उठने वाली मांग के बाद तीसरे साल अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किया जाने लगा। चिकित्सा छात्र इसी अध्ययन अवकाश की अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल करने की मांग कर रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि दो साल के अध्ययन अवकाश के बाद तीसरे साल की पढ़ाई के दौरान उन्हें चिकित्सा महाविद्यालयों में भारी ड्यूटी भी करनी पड़ती है। इसके बाद भी उन्हें वेतन अथवा स्टाइपेंड का भुगतान नहीं होता, जिसकी वजह से आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है।

- तीसरे साल अवैतनिक असाधारण अवकाश, स्टाइपेंड की सुविधा भी नहीं

### उच्च स्तर पर फाइल

पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात के दौरान यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के नेतृत्व में जूनियर डाक्टरों ने तीन साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने की मांग की थी। यूडीएफए के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने बताया कि पूर्व में इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया था। उस दौरान उच्च स्तर पर मामले का अध्ययन कर समस्या के समाधान के निर्देश जारी हुए थे मगर अब तक निराकरण नहीं हुआ है।

### आयुष डाक्टरों को मिलता है लाभ

यूडीएफए के अध्यक्ष के मुताबिक आयुष के चिकित्सा अधिकारियों को स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के लिए तीन साल अध्ययन अवकाश की पात्रता होती है। इस अवधि में उन्हें चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवा देने के बदले प्रदान किया जाने वाला मानदेय प्राप्त होता है। मेडिकल कालेजों के चिकित्सा अधिकारियों को अब तक यह सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है।

### प्रायवेट प्रेक्टिस संविदा डाक्टरों को मिलेगा 80 प्रतिशत वेतन

**रायपुर।** नॉन प्रेक्टिस एलाउंस लेने के बाद भी प्रायवेट क्लीनिक अथवा अस्पताल में इलाज करने वाले डाक्टरों के खिलाफ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। इस बीच डीके अस्पताल प्रबंधन ने प्रायवेट प्रेक्टिस करने वाले संविदा डाक्टरों को 80 प्रतिशत वेतन की पात्रता होने का हवाला देकर एनपीए लेने अथवा नहीं लेने के इच्छुक चिकित्सकों से जानकारी मांगी है। डीके अस्पताल में काम करने वाले 90 फीसदी चिकित्सक संविदा आधार पर कार्यरत हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त किरण कौशल ने सभी मेडिकल कालेज के डीन को पत्र लिखकर एनपीए लेने और नहीं लेने वाले डाक्टरों की जानकारी मांगी है।

## तारीख और एजेंडा बदलने का सदन में मांगा जाएगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की तारीख बदलने और संशोधित एजेंडों की सूची जारी करने के बाद नगर निगम की राजनीति गरमाने लगी है। भाजपा के पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि निगम के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब बिना कारण बताए सामान्य सभा की तारीख और एजेंडों की सूची में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा की बैठक में सभापति से इसका जवाब मांगा जाएगा।

भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि सात माह बाद सामान्य सभा की बैठक होने जा रही है। इसके लिए 3 अक्टूबर की तारीख तय की गई थी, वहीं 32 एजेंडों पर चर्चा होनी थी। इसकी सूचना सभी पार्षदों को दी गई थी। इसके बाद अचानक पार्षदों को एक और सूचना दी जाती है, जिसमें बैठक की तारीख एक दिन आगे बढ़ाकर 4 अक्टूबर तय किया जाता है और एजेंडों में एक एजेंडा विलोपित 31 कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किस धारा या नियम के तहत तारीख एवं एजेंडों में बदलाव किया गया है। इसका सभापति प्रमोद दुबे से सदन में जवाब मांगा जाएगा।

### 62 मवेशी पकड़े पहुंचाया गोठान



**रायपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नगर निगम के सभी जोन अमले ने सड़क पर घूम रहे मवेशियों को काऊकैचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से धरपकड़ करने अभियान चलाया। शुक्रवार को जोन-1 ने 7, जोन-2 टीम ने 4, जोन-3 टीम ने 2 मवेशियों को पकड़कर गोठान में छोड़ा। जोन-4 ने 3, जोन 5 ने 4, जोन 6 की टीम ने 1 मवेशी की धरपकड़ की। जोन-7 ने 7, जोन-8 ने 17, जोन-9 ने 7, जोन-10 ने 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। कुल 62 मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें गोठान पहुंचाया।

# नितिन नवीन ने जिलों का टार्गेट 20 फीसदी बढ़ाया, आज सभी नेता जाएंगे बूथों तक

### सांसद-विधायकों को भी लक्ष्य पूरा करने की नसीहत देकर गए हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ में सदस्यता का टार्गेट दस लाख बढ़ाकर गए हैं। इसी के साथ सांसद और विधायकों को भी अपना टार्गेट हर हाल में पूरा करने की नसीहत भी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले नए टार्गेट को लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को सभी जिलों के सदस्यता अभियान के प्रभारियों की बैठक लेकर उनसे जहां अब तक बनाए सदस्यों की जानकारी ली है, वहीं जिलों का टार्गेट 20 फीसदी बढ़ाया है। इसी के साथ लगातार पांच दिनों तक बूथों में अभियान भी चलाया जाएगा। 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात बूथों में सभी बड़े नेता भी जाकर सुनेंगे और इसके बाद सदस्यता अभियान में शामिल होंगे।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर एक दिन पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां पर बड़ी बैठक करके छत्तीसगढ़ को नया टार्गेट 60 लाख सदस्य बनाने का दिया है। उन्होंने प्रदेश में सदस्य बनाने की रफ्तार की सराहना भी की है और रफ्तार को और तेज भी करने के लिए कहा है। ऐसे में टार्गेट बढ़ने के बाद अब इसको कैसे पूरा किया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सदस्यता टोली के सदस्य, जिलों के सदस्यता अभियान के प्रभारियों के साथ बैठक करके रणनीति तय की है। इसमें सभी जिलों से जानकारी ली गई कि कितने सदस्य बनाए हैं। इस जानकारी में यह बात निकलकर सामने आई है कि अब तक 25 लाख सदस्य बने हैं। अब 35 लाख सदस्य और बनाने हैं।



### बड़े जिलों पर फोकस

नए टार्गेट की वजह से अब बूथों में भी ज्यादा सदस्य बनाने होंगे। प्रदेश के संयोजक अनुराग सिंहदेव के मुताबिक मुख्य रूप से बड़े जिलों पर फोकस उनका टार्गेट बढ़ाया गया है। जैसे राजधानी रायपुर बड़ा जिला है तो यहां पर पहले तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था, इसको 4.0 लाख कर दिया गया है। यानी रायपुर की लक्ष्य 33 फीसदी बढ़ गया है। इसी तरह से बड़े जिलों को ज्यादा सदय्य बनाने कहा गया है। अन्य जिलों का लक्ष्य 20 फीसदी तक बढ़ाया गया है। जिलों का लक्ष्य बढ़ने के कारण बूथों का लक्ष्य भी बढ़ गया है, लेकिन सभी बूथों के लिए पहले की तरह लक्ष्य तय नहीं किया गया है। पहले हर बूथ के लिए 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन कई बूथ छोटे हैं। ऐसे में जिन बूथों में जितना संभव होगा ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे।

### 60 लाख के पार जाएंगे : नितिन नवीन

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दस लाख का टार्गेट बढ़ाने के कारण यहां पर सभी जिलों के साथ बैठक करके नया टार्गेट तय किया गया है। जिस तरह से प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने अपने वादे पूरे करने का काम किया है, उससे भरोसा है कि हम 60 लाख का लक्ष्य पार करेंगे।

# हाउसिंग बोर्ड की कृषि भूमि के रूप में अंकित जमीन का फ्री होल्ड होगा डायवर्सन के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने कहा है कि मंडल की ऐसी भूमि जो आवासीय मद में दर्ज है या आबंटित शासकीय भूमि के अंतर्गत आबंटित भवनों, भूखण्डों के फ्री-होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी है, हितग्राही फ्री-होल्ड के लिए आवेदन मण्डल के नजदीकी संपदा कार्यालयों में कर सकते हैं। मंडल की ऐसी भूमि जो वर्तमान में कृषि प्रयोजनार्थ के रूप में अंकित है, उन्हें डायवर्सन के बाद ही फ्री-होल्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मंडल को आवंटित शासकीय भूमि मंडल द्वारा अर्जित निजी भूमि में निर्मित आवासीय, व्यावसायिक, भवनों, भूखंड़ों को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने के संबंध में आदेश जारी किया गया था।

### आयुक्त ने दिए ये निर्देश

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में कुछ प्रकरणों में राजस्व अभिलेख में धारणाधिकार आवासीय के स्थान पर कृषि प्रदर्शित हो रही है। भविष्य में हितग्राहियों को फ्री-होल्ड पश्चात भूमि के व्यपवर्तन हेतु कठिनाई का सामना न करना पड़े इस हेतु मण्डल द्वारा ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग से समन्वयन कर भूमि के व्यपवर्तन एंव धारणाधिकार में पहले परिवर्तन किये जाने हेतु आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कुन्दन कुमार द्वारा निर्देश दिये गये हैं एवं निर्णय लिया गया है कि, कृषि प्रयोजन अंकित भूमि का डायवर्सन पश्चात ही फ्री-होल्ड किया जावें।

### ताकि हितग्राहियों को असुविधा न हो

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि, ऐसी भूमि जो आवासीय मद में दर्ज है, वहाँ फ्री-होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी। जो भूमि कृषि प्रयोजनार्थ अंकित है, उन भूमियों की फ्री-होल्ड प्रक्रिया डायवर्सन पश्चात ही की जावेगी, ताकि हितग्राहियों को असुविधा ना हो। डायवर्सन की कार्यवाही त्वरित करने हेतु भी हाऊसिंग बोर्ड द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मण्डल को आबंटित शासकीय भूमि के अंतर्गत आबंटित भवनों, भूखण्डों के फ्री-होल्ड में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आ रही है। हितग्राही बिना किसी हिचक के फ्री-होल्ड के लिए आवेदन मण्डल के नजदीकी संपदा कार्यालयों में कर सकते हैं।

खबर संक्षेप



## माय भारत वॉलिंटियर्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** माय भारत स्वच्छता ही सेवा है स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज ग्राम- लभराखुर्द में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र महासमुंद के जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के निर्देशानुसार चलाया गया। जिसमें ग्राम- लभराखुर्द के माय भारत वॉलिंटियर्स के द्वारा, उपस्वास्थ्य केंद्र, दुर्गा रंगमंच, आंगनबाड़ी सहित ग्राम के गली मोहल्लों और चौक –चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों में जागरूकता लाना है तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिसमें नेहरू युवा केंद्र से एमटीएस बृजेश सिंह चंदेल, राजेश कन्नौजे तथा माय भारत वॉलिंटियर्स लक्ष्मन साहू, रेखू साहू, महेश चंद्राकर, प्रेम साहू, संजीव साहू, योगेश ध्रुव, विनोद साहू, ईश्वरी साहू, सियाराम यादव, अशोक विश्वकर्मा सहित रंगमंच के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे।

## खट्टी में रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा 1 से

**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी में जय ठाकुर देव क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 1 अक्टूबर से दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया है। स्पर्धा के शुभारंभ के मुख्यअतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल एवं हरिशंकर यादव एवं सरपंच मीना तिरथ पटेल होंगे।
आयोजक समिति के अध्यक्ष बलदेव पटेल, उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल सचिव, दिनेश सोम सह सचिव, भोजराज कोषाध्यक्ष, कैलाश सिन्हा ने बताया कि इस स्पर्धा में भाग लेने वाले विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## डीएमएस विद्यालय में साइकिल वितरण किया



**महासमुंद।** स्थानीय शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिवस साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रमेश साहू शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में आकाश पांडे, आनंद गिरि, दीपक साहू उपस्थित रहे।
इस अवसर पर इस अवसर पर शाला के प्राचार्य केके शुक्ला साइकिल वितरण प्रभारी जगदीश लाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता मानिक लाल साहू, शैलेंद्र सोनी, सोम प्रकाश साहू, दीपेंद्र भोई, गायत्री पटेल, हर्षिता चंद्राकर, प्रीति यादव, आशालता सिन्हा, रिचा साहू, आरती साहू, जितेंद्र ठाकुर, नेहा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड महासमुंद में रासेयो स्वयंसेवकों ने लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रासेयो जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महासमुंद बस स्टैंड में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व श्रीमती राजेश्वरी सोनी पीजी कॉलेज महासमुंद, अनिता बंजारी गुड शेफर्ड स्कूल, मधुमति चंद्राकर आशीबाई गोलछा कन्या स्कूल, रिचा पटेल शास उच्च विद्यालय शेर, सालिकराम ढीमर शासकीय पॉलिटिक कॉलेज महासमुंद, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी कॉलेज महासमुंद, सितोष झुल्पे आत्मानंद हिंदी विद्यालय महासमुंद, गायत्री चंद्राकर, शांत्री बाई महाविद्यालय सहित महासमुंद ब्लॉक के विद्यालय एवं महाविद्यालय के 10 रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा का नारा के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महासमुंद ब्लॉक के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मनोज देवांगन, लोकनाथ साहू, राजेश्वर देवांगन, उर्मिला साहू, यमन सिन्हा, खुशबू कन्नौजे, देवयानी सोनवानी, तन्नू चंद्राकर, दामिनी, भुनेश्वरी, वर्षा सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला में महासमुंद जिले की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के पत्रानुसार पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत पांच जिलों के कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल कलाभवन में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में महासमुंद जिले से महाविद्यालय एवं विद्यालयों की लगभग 35 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर एवं अध्यक्षता डॉ नीता बाजपेई राज्य एनएसएस अधिकारी जिला महासमुंद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कुलपति ने कहा कि देश हित के लिए हर वह चीज जो समाज को ऊपर तक ले जाती है वह राष्ट्रीय सेवा योजना में सम्मिलित है और समाज को दिशा देने वाला जीवन मूल्य जिसमें संस्कार होता है वह राष्ट्रीय सेवा योजना में सिखाया जाता है। डॉ नीता बाजपेई ने अपने उदबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमारी पहचान एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होती है जिसमें हम श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर कार्य कर सकते हैं जिसमें स्वयं सेवकों को सेवा भाव दिशा की दिशा में लाकर देश विकास में जोड़ सकते हैं। डॉ. एल एस गजपाल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिवेदन पाठन किया गया एवं सी प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। प्रथम सत्र में डॉ मालती तिवारी द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की कार्य योजना एवं कार्य प्रणाली का विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए शिविर में होने वाली समस्याओं का निराकरण संबंधी उपाय बताए गया। कार्यशाला में जिले से कार्यक्रम अधिकारियों में अजय कुमार राजा, मती राजेश्वरी सोनी, डॉ सरस्वती वर्मा, सितोष जुल्फे, गायत्री चंद्राकर, मधुमती चंद्राकर, अनिता बंजारे, मनहरन ठाकुर, खिलावन पटेल, प्राची गुप्ता, कमला दीवान, पूर्णिमा प्रधान, रिचा पटेल, पंकज भोई, निर्मल बंजारे, चुम्मन लाल निषाद, दयालाल नायक शिव पटेल, लक्ष्मण मानिकपुरी, केवल साहू, बीसी केसन साव उपस्थित रहे।

# प्रतिभा अकादमी द्वारा गिरीश पाढ़ी को किया सम्मानित



**सरायपाली।** कबड्डी के राज्य स्तरीय निर्णायक, सामाजिक कार्यकर्ता, राज्यपाल पुरस्कृत स्काउटर के रूप में ख्याति प्राप्त शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी को उत्कृष्ट शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच दुर्ग में सम्मानित किया गया।

मालवीय नगर चौक के समीप खालसा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग में छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास ओर समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक (ज्योति बाई फुले शिक्षा 2024) सम्मान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल रहे, अध्यक्षता दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स संघ छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक, निधि चंद्राकर, रवि सिंगौर रहे। शिक्षा कला साहित्य आदि विभिन्न क्षेत्रों से कुल 215 शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस संस्था के संरक्षक परसराम साहू, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारद्वाज, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, महासचिव वीरेंद्र साहू के सफल मार्गदर्शन में न केवल दुर्ग जिला के शिक्षक बल्कि रायपुर, रायगढ़, सारंगढ़, महासमुंद, जांजगीर चांपा, कोरबा, शक्ति, सरगुजा, एमसीबी, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, राजनांदगांव, बालोद, कबीरधाम अन्य जिले के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# स्मृतियों के स्थायित्व के लिए पौधे रोपण श्रेष्ठ : विधायक



**छुईहा** बेलर। परसठ्ठी में 24 सितंबर स्मृति पौधारोपण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू शामिल हुए। विधायक ने कहा की जीवन के साथ भी और मृत्यु के बाद भी पेड-पौधों का आकार लेकर यादों को स्थायित्व प्रदान करते हैं। पौधा रोपण के महत्व को रेखांकित किया और दिवंगत आत्मा की स्मृति में पौधे लगाने को सामाजिक उपकार निरूपित किया और उन्होंने पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच सेंदर दिवंगत जनक साहू को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डॉ. चन्द्रशेखर हरित ने स्मृति पौधारोपण के अवसर कहा जनक राम भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे। उनके साथ ही गायत्री परिवार, गौशाला, संत भुनेश्वर शरण व्यास के अनन्य शिष्य रहते धर्म जागरण के प्रचार प्रसार में अपनी भुमिका अदा किया। वहीं समाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, रचनात्मक कार्य में विशेष योगदान रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व भाजपा मंडल फिंगेश्वर अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सेंदर स्वर्गीय जनक राम साहू परसठ्ठी की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया। इस मौके पर सभी ने दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित,डा.चन्द्रशेखर हरित, अशोक राजपूत, राजिम भक्तिन मंदिर अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, भाजपा किसान प्रकोष्ठ संजीव चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर,पुर्व सरपंच रामाधार साहू, मोतीराम निषाद ओमप्रकाश साहू, रामू राम साहू, भुनेश्वर साहू, खोमन साहू,रूपेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, केआर वर्मा, नोश साहू, नंदकुमार शिक्षक, युग पुरोहित परमानंद, परमेश्वर साहू, जगदीश राम, चिन्ताराम, लखनलाल, चरणलाल, माखनलाल, नेतराम, धर्मेन्द्र, कृष्णकुमार, तरूण कुमार, मुकेश, योगेन्द्र, दवेश, युवराज, ऐनसिंग वासुदेव, भूमि, दुर्गा, पुष्कर साक्षी, भव्यांश, दौलत यादव, दयाराम साहू, रमाकांत साहू, कुनाण, सानिध्य क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक ग्रामवासी परसठ्ठी उपस्थित थे।

# गर्भवती माताओं की गोदभराई कर बच्चों को कराया गया अन्नप्राशन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलो मीटर दूर ग्राम पंचांयत गोपालपुर में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह सप्ताह अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम सरपंच खेलन दिवान, भाजपा नेता श्रीमती नंदनी नेताम, कुमारी बाई पटेल, बलिराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाए व आगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान गर्भवती माताओं का गोदभराई कर बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया और पोषण आहार एवं रेडी टू ईट के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## बोधन ने 70 लोगों कोबनाया भाजपा सदस्य



**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरसी में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान मे जुटे हुए है जिसमे भाजपा नेता बोधन साहू के द्वारा 70 लोगों का नाम ऑनलाइन द्वारा जोड़कर सदस्य बनाने मे लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा। सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से बोधन साहू, छन्नू साहू, रवि साहू, डॉक्टर लोकेश सिंन्हा, हुमन साहू, लालाराम साहू, ईश्वर सिंह के द्वारा अभियान मे लगे हुए हैं।

# इस साल दस दिन की होगी नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



इस साल नवरात्रि 10 दिन की होगी। तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है। इसके अतिरिक्त नवमी और दशमी एक ही दिन पड़ रही है।

शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पंडित रूपेश शास्त्री ने बताया कि इस साल नवरात्रि श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास रहने वाली है, क्योंकि इस बार नवरात्रि 9 दिन की नहीं बल्कि 10 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि इस बार तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है।

तृतीया तिथि 5 अक्टूबर को सुबह 5:31 बजे से शुरू होकर अगले दिन 6 अक्टूबर को सुबह 7:50 बजे तक रहेगी। ये तिथि दो दिनों के सूर्योदय को स्पर्श करेगी। इसलिए दोनों ही दिन तृतीया तिथि का पूजन होगा। नवरात्रि के दौरान 5 से 8 अक्टूबर तक और 11 और 12 अक्टूबर को सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग का संयोग है, जो खरीदारी और पूजा-अनुष्ठान के लिए शुभ है।

## पिता-पुत्र के हमलावर तक पहुंची पुलिस

**धमतरी।** होटल व्यवसायी पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर घायल करने वाले हमलावर तक पुलिस पहुंच गई। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात्रि ग्राम कोलियारी में होटल चलाने वाले खम्मन निषाद पर अज्ञात युवक ने धारदार हथियार से उसके पेट में हमला कर दिया। पिता को बचाने गए पुत्र विजय निषाद पर भी आरोपी ने हमलाकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन वर्ष से पुस्तकालय का निर्माण कार्य अधूरा



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 11 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में बसे धवलपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन परिसर में पिछले तीन वर्षो से पुस्तकालय कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष एवं कला संस्कृति कक्ष भवन निर्माण व कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और इस ओर संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा धवलपुर में पुस्तकालय भवन निर्माण के लिए 9 लाख रूपये, प्रयोगशाला कक्ष निर्माण के लिए 7 लाख 63 हजार रूपये एवं कला संस्कृति कक्ष निर्माण के लिए 6 लाख 96 हजार रूपये राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा स्वीकृत किया गया है और निर्माण कार्य लेंटर लेवल तक हो गया है लेकिन अब तक लेंटर नही से परे है जिसके कारण छात्र छात्रओं को इसका लाभ नही मिल पा रहा है।

## शपथ पत्र

मैं रेवती बाई पति श्री सूरज राम जाति तेली निवासी ग्राम कुटेना तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. की निवासी हूँ। जो शपथ पूर्वक कथन करती हूँ :-

1. यह कि उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि वर्तमान में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रेखा बाई पति सूरज राम दर्ज है।
3. यह मैं अब अपना नाम परिवर्तन करा कर रेवती बाई पति सूरज राम दर्ज कराना चाहती हूँ. तथा भविष्य में इसी नाम को सभी दस्तावेजों में अंकित कराना चाहती हूँ।
4. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

रेवती बाई
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रेवती बाई पति श्री सूरज राम जाति तेली निवासी ग्राम कुटेना तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. की हुं जो सत्यापित करती हूँ की कंडिका 1 से 4 तक में लिखे समस्त बाते सत्य वो सही है। दिनांक 27/09/2024 को अपनी हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रेवती बाई
सत्यापनकर्ता

# पुलिस ने साप्ताहिक बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

केरेगांव पुलिस ने गांव में आयोजित साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरुक किया। केरेगांव थाना की पुलिस ने भारतमाला परियोजना के कर्मचारियों के साथ शनिवार को गांव में आयोजित साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान बाजार व आसपास की साफ -सफाई की गई। पुलिस ने स्वच्छता के साथ-साथ नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस दौरान केरेगांव प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, आरक्षक बीरेंद्र साहू, गोविंद ठाकुर, नागेंद्र पांडे, मयाराम ध्रुव, केरेगांव की सरपंच दुखिया बाई, भारतमाला परियोजना के अधिकारी कर्मचारी एवं धान खरीदी केंद्र करने आए व्यापारी सहित सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। अवैध शराब बिक्री पर दो जगहों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए बसना थाना पुलिस द्वारा महिला सहित दो लोगों को पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक सरिता साण्डे पति स्व सुशील साण्डे 32 साल साकिन बरबसपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला में रखे प्लास्टिक बाटल में 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रूपए को जप्त कर 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार ग्राम जाड़ामुड़ा रोड किनारे देव कुमार सिदार पिता स्व. लाभो सिदार 30 साल साकिन नवाडीह बम्हनी के कब्जे से 25 लीटर कीमती 5 हजार रुपए को जप्त कर उसके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया।

### पेट्रोल पंप से पैसा जमा करने निकला युवक फरार शिकायत पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र के चाण्डक एण्ड संस पेट्रोल पंप से बैंक में जमा कराने के लिए दिए गए पैसों को लेकर भाग जाने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी मुकेश तिवारी सेल टैक्स कालोनी शंकर नगर रायपुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि शुक्रवार के सुबह 11:30 बजे पेट्रोल पंप का कर्मचारी कोमल कोसरे निवासी गुंडरदेही का पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री रकम 2 लाख रुपए को लेकर आइडीएफसी बैंक महासमुंद जमा करने निकला था, जो कुछ समय बाद वापस नहीं आने पर उसके मोबाईल नंबर पर कॉल किया गया। उसका मोबाईल बंद बता रहा है। उक्त रकम को कोमल कोसरे लेकर भाग गया है। मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 316 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद**। नदी मोड़ घोड़ारी में ट्रक की ठोकर से एक बाइक चालक की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार शाम की है। सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार विरेन्द्र गेन्ड्रे पिता भागवत गेन्ड्रे 28 वर्ष साकिन नांदगांव पारिवारिक काम से मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीबी 9744 से सोनासिल्ली रिश्तेदार के घर गया था, जहां से वापस आने के दौरान घोड़ारी स्थित बाबे दा ढाबा के पास पहुचा था कि विपरित दिशा से आ रही ट्रक क्र. ओडी 07 एएच 3886 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मृतक विरेन्द्र गेन्ड्रे के सिर ,कमर में गंभीर चोट लगने से डायल 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल महासमुंद लाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### घर का ताला तोड़ने की बात पर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बुन्देली में घर का ताला तोड़ने की बात पर मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बुन्देली निवासी टिकेश्वर बलिहार ने पुलिस को बताया कि 27 सितम्बर को उसके घर में लगे ताला को बगैर पूछे ओमप्रकाश बलिहार तोड़ दिया, जिसको देख टिकेश्वर ने ताला तोड़ने का कारण पूछा तो अश्लील गाली देते हुए हाथ में रखे डण्डा से मारपीट करने लगा और डण्डा से सिर में मारा, जिससे उसके सिर में चोट लगी है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बलिहार के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मे मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम भरूवामुड़ा बस स्टैंड के पास जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है।

तेन्दूकोना थाना क्षेत्र के भरुवामुड़ा निवासी प्रार्थी रामनाथ साहू ने तेंदूकोना थाना में शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार को ट्रेक्टर से खेत जुताई करने गया। तकरीबन 10 बजे गिरधारी साहू निवासी भरूवामुडा मेरे खेत को क्यों जोत रहे हो कहकर अश्लील गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ मुक्का से मारपीट की। वहीं, पिताम्बर साहू ने बताया कि शुक्रवार को छड़ लेने ग्राम कोल्दा जाने घर से निकला था।

## बैठक : कलेक्टर अग्रवाल ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

# स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय में पूरा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करें, जिससे लोगों को इसका लाभ समय पर मिल सके।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में विलंब न करते हुए, इन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कार्य विलंब होने एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैनपुर के एसडीओ और सब इंजीनियर को हर योजना के निर्माण कार्यों में सही प्रगति न लाने और निर्माण कार्यों का मूल्यांकन समय पर तैयार न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का जायजा लेकर, कार्यों की समय-सीमा के हिसाब से पूर्णता की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, जिससे निर्माण कार्यों में तेजी आए। कलेक्टर ने विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की बात भी कही। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे, छूटे हुए लोगों का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम आवास योजना में पंजीयन से जानबूझकर छोड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### स्वच्छता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से कराएं

जिले में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी गांवों में इस अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मनरेगा अभिसरण से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, गोदाम भवन निर्माण, शौचालय, सड़क निर्माण, पशु शेड, तालाब निर्माण, भूमि सुधार, नाडेप कम्पोस्ट, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, स्टॉप डेम निर्माण, स्व सहायता समूहों का गठन, चक्रिय निधि, सामुदायिक निवेश निधि की प्रगति, बैंक लिंकेज, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, पीएम-श्री सहित अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता बीएस पैकरा, सभी जनपद सीईओ, एसडीओ, सब इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# कला उत्सव में बिखरी साहित्यिक व सांस्कृतिक छटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शनिवार को विकसित भारत वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण विषय वस्तु पर विकासखंड स्तरीय कला उत्सव बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छुरा प्रांगण पर संपन्न हुआ। पारंपरिक लोक कलाओ और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित 6 विधाओं में प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसरी ध्रुव एवं जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी बतौर अतिथि उपस्थित रही। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन के निर्देशन में बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से शासन द्वारा कला उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन सहायक नोडल सीमा सिंह ने किया। नोडल अधिकारी एनसी साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, खोरबाहरा निषाद, संतराम कंवर, नंद झरोखा कुर्रे, पंकज साहू, पाल, शीतल ध्रुव आयोजन के सहभागी बने। श्रीमती मोहिनी गोस्वामी, सुनीता देवांगन, भुनेश्वरी पटेल, राजेश्वरी वर्मा, मीना यादव, रेखा प्रधान, विनोद देवांगन, आनंद विश्वकर्मा, केशव साहू ने निर्णायक की भूमिका अदा की। एकल गायन में सत्यम सिन्हा प्रथम, एकल वादन ख्याति शर्मा, एकल नृत्य भूमिका साहू, चित्रकला हर्षित सिन्हा, कहानी वाचन डुमेश्वरी यादव, समूह नृत्य में सिद्धि पांडे एवं साथी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सेमिनार में रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई



**नवापारा-राजिम**। शहर के श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय कॉलेज में शनिवार को एक अत्यंत ही रोचक और ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय था 'सही खान-पान की आदतें और पोषण का महत्व'। इस सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में पहुंचे शासकीय दुधाधारी बजरंग स्वशासी महाविद्यालय रायपुर के प्रोफेसर डॉ. अभया जोगलेकर ,प्रोफेसर डॉ. वासु वर्मा, ने सही खान-पान की आदतों को साफ-साफ समझाते हुए बहुत ही सरल भाषा में बताया कि हमारा शरीर वही है जो हम खाते हैं। अपने दैनिक आहार में ताजगी और पोषण का ध्यान रखें। स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के लिए सही पोषण आवश्यक है। अपने जीवन में स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए दोनो प्रोफेसर ने मौजूद छात्र-छात्राओं को दिल से प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सुश्री साक्षी मेश्राम, मोनिका साहू, डॉ. मधुरानी शुक्ला, रमेश लहरे, पुरुषोत्तम काबरा, पियूष भारद्वाज, पुष्पलता कंवर, मंजु शर्मा, पल्लवी चंदन के अलावा महाविद्यालय के 300 छात्र-छात्राएं मौजूद रही। जिन्होंने अपने खान-पान की आदतों में बदलाव लाने का संकल्प लिया।

# वजन, ऊंचाई, बीपी, पल्स रेट बीएमआई का किया चेकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा




शनिवार को आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व हृदय दिवस के अवसर पर एक दिवसीय निःशुल्क वजन, ऊंचाई, बीपी, पल्स रेट, बीएमआई का चेकअप किया गया। इस शिविर के संयोजक ओमप्रकाश साहू ने समस्त प्राध्यापकों, विद्यार्थीयों के साथ जागरूकता रैली एवं परीक्षण का कार्य सभी प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर कंपटीशन में अनन्या अग्रवाल प्रथम पुरस्कार, मिथलेश साहू, द्वितीय पुरस्कार एवं ममता एवं चांदनी संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया गया। बेस्ट प्रेजेंटेशन में अनन्या अग्रवाल प्रथम पुरस्कार, लुपाक्षी सिन्हा द्वितीय पुरस्कार एवं युगल रात्रे तृतीय पुरस्कार के साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के अकादमी अधिष्ठाता और आईक्यूएसी के निर्देशक डॉ. एन कुमार स्वामी ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए और चिंता मुक्त होकर विद्यार्थियों को शिक्षा लेनी चाहिए और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव देने वाले जैसे मदिरा का सेवन, सिगरेट पीना, नशा को छोड़ना चाहिए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुभाषित विश्वास ने बताया कि हमारे देश में हृदय से संबंधित बहुत बीमारियां हो रही है जो 1990 के दशक से बहुत ही प्रभावी ढंग से फल फूल रहा है अब भारत को हृदय जैसी बीमारियों से बचना चाहिए और अपने जीवनचार्य, दिनचर्या, खान-पान को सुव्यवस्थित करना पड़ेगा तभी हम स्वास्थ्य रह पाएंगे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, पूनम राजपूत, लुकेश्वरी वर्मा, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी ने कार्यशाला आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में शनिवार को यूथ रेड क्रॉस सोसायटी की कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि यूथ रेड क्रॉस सोसायटी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की एक शाखा है, जो कॉलेज के छात्रों के लिए है। इसका उद्देश्य युवाओं में मानवता का विकास करना और उन्हें निस्वार्थ सेवा के लिए प्रशिक्षित करना है। इसके माध्यम से युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाना, स्वास्थ्य, सफाई, और स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करना, समुदाय के लोगों को बीमारियों से बचने और पीड़ा कम करने के बारे में शिक्षित करना, और आपात स्थितियों के लिए समुदायों को तैयार करना शामिल है।

इस कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारियों और नर्सिंग कॉलेज गरियाबंद के वालेंटियरों को रेड क्रॉस की ड्रेस और टोपी प्रदान की गई। साथ ही प्राथमिक उपचार किट वितरित की गई ताकि जरूरतमंद लोगों को प्राथमिक सहायता प्रदान की जा सके। इसके अलावा, यूथ रेड क्रॉस के सदस्यों को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया और सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरके तलवरे, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला संगठक रोमन लाल साहू और चिकित्सकगण सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# चंदना सोसायटी में हुई वार्षिक आमसभा



**नवापारा-भेण्डरी**। कृषि प्राथमिक साख सोसाइटी चंदना में आयोजित वार्षिक आमसभा में 2023-24 का लेखा जोखा, आय व्यय प्रस्तुत किया गया। दी गई जानकारी के मुताबिक इस वर्ष धान खरीदी में 26 लाख रुपए की आय सोसायटी को प्राप्त हुआ। चंदना सोसायटी में कुल 2268 किसान सदस्य है। जिसमें से 718 किसानों ने खाद, बीज, दवाई, नगद राशि का ऋण 4 करोड़ 71 लाख 32 हजार लिया। संचित लाभ 44 लाख हुआ। किसानों को जीरो ब्याज दर पर ऋण दी जाती है। चंदना सोसायटी के अंतर्गत ग्राम चंदना, बुड़ेनी, नवागांव, परसट्टी, नहरडीह, चंदसुर आता है जहां राशन दुकान संचालित है। मालूम हो कि कोई किसान का मृत्यु हो जाए तो उसके शेयर का पैसा उसके बेटे नामिनी के खाते में प्रबंधक को आवेदन देने पर राशि हस्तांतरित हो जाता है। चंदना समिति प्रबंधक धनीराम निषाद, भेण्डरी प्रबंधक कार्तिक साहू ने आमसभा में यह जानकारी दी। आमसभा में कृषक भरत साहू ,कुसुमलता साहू, डागेश्वर सोनकर, श्याम साहू, सीपी साहू, सतीश साहू, संतोष पटेल, बंशी देवांगन, राधिका साहू, मुरली साहू उपस्थित थे।

# अंचल के नामी कवियों ने किया काव्यपाठ



**मुड़ागांव (कोरासी)**। छुरा ब्लॉक के ग्राम रानीपरतेवा में श्रीमद्भागवत कथा के मंच में 27 सितंबर को रात्रि में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के नामी कवियों ने काव्यपाठ किया। कवि-सम्मेलन का मंच संचालन हास्य कवि देवेंद्र ध्रुव (फुटहाकरम) के द्वारा किया गया तथा उन्होंने शहीदों के शहादत पर मार्मिक रचना पढ़ी। गांव के वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद यदु ने छत्तीसगढ़ी में गीत सुनाया। डेण्डुपदर अमलीपदर से आए हास्य कवि कमलेश मांझी उजाला ने हास्य कविता से लोगों को गुदगुदाया। युवा शायर कुलेश्वर सोनवानी ने शायरी और गजल के माध्यम से तारीफें बटोरी। वीर रस के कवि सूरज प्रकाश ने लोगों में देश भक्ति की अलख जगाई एवं विभिन्न फिल्मी कलाकारों की मिमिक्री किया। देवनाथ यदु एवं विनोद यादव ने भी अपनी रचनाओं से जनता का दिल जीता। कार्यकम के अंत तक श्रोतागणों ने काव्य पाठ का रसपान किया। तथा आयोजक श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्य ललित यादव,टंकेश्वर सिन्हा,कन्हैया प्रजापति, जयराम साहू, चितरंजन ध्रुव तथा हितेश यदु ने कवियों का अंत में सम्मान किया।

# कोरासी में सीसी रोड निर्माण के लिए सरपंच ने किया भूमिपूजन



**मुड़ागांव(कोरासी)**। छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करकरा के आश्रित ग्राम कोरासी में शनिवार को वार्ड नंबर 10-11 में सीसी रोड निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सरपंच कुमारी बाई ध्रुव के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल अजय सिंह ठाकुर, पंच प्रेमलाल दीवान, उवेसिंग ध्रुव, भारत ध्रुव कौशल ध्रुव, हेमसिंग ठाकुर, नकुल ध्रुव, मिथलेश कुमार ध्रुव, योगेश्वर ध्रुव, एवं ठेकेदार देवनारायण साहू उपस्थित रहे।

## आमसभा में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया

# किसानों को दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित परसदाकला पंजीयन क्रमांक 63 में 27 सितम्बर को वार्षिक आमसभा संपन्न हुआ । बैठक में शामिल कृषकों को प्रभारी समिति प्रबंधक डेमन साहू ने आमसभा के समक्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं 2024-25 के अनुमानित बजट कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए आमसभा में शामिल ऐजेंडा पर वार्षिक कार्ययोजना सें कृषकों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

आमसभा समिति के समक्ष रखे गए सभी प्रस्तावों का ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया। डेमन साहू बताया की सहकारी समिति द्वारा संचालित सीएससी में आधार कार्ड पैन कार्ड मोबाइल रिचार्ज, रेलवे टिकट, गैस सिलेंडर, बिजली बिल भुगतान और एटीएम द्वारा किसानों को 10000 का निकासी और जमा की जानकारी दिया गया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता परसदाकला जनक श्रीवास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषि को लाभ का धंधा बनाए जाने की परिकल्पना को पूर्ण करने, कृषि के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करने, कृषकों की आय संवर्धन के उद्देश्य को पूर्ण करने एवं प्रदेश के किसानों कोआत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों की कल्याण के विभिन्न योजना संचालित की है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू, हाई स्कूल परसदाकला अध्यक्ष बालिक राम साहू ने कहा की केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही योजनाओं पर कहा कि सरकार किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा रही है, वहीं गरीबों एवं जरूरतमंदो को प्रतिमाह निःशुल्क खाधान्न दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल, 31 सौ प्रति क्विंटल की दर से उपार्जन केन्द्र केन्द्र के माध्यम से खरीदा जा रहा।

आज किसान समृद्ध हो रहा है। आमसभा में जनक राम श्रीवास, गिरधारी निषाद, छविराम साहू, कामता, फलेश्वर साहू, दुलार देवांगन, हेम शंकर साहू, खुमान साहू, घनश्याम निषाद, नेमीचंद देवानंद जनपद जनपद सदस्य, लेखराम लेखू राम साहू, मन्नू देवांगन, अनु निषाद, टानेश्वर निषाद, विश्राम निषाद, सरपंच प्रतिनिधि मोहन निषाद, जोहत राम साहू , संतोष साहू, प्रेमलाल साहू, पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू, हाई स्कूल अध्यक्ष बालिका राम साहू, फतेह साहू, पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति बेलर नारद साहू, खुमान साहू , नाथूराम साहू, तातुराम साहू, बुद्धू राम साहू, शशि साहू, निहाली साहू, पंचराम साहू, नारायण निषाद , सुखदेव लहरिया सहित बड़ी संख्या में किसान,आम नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411